<u>केस स्टडी - 1</u>

तिब्बत की हवा में नमी बहुत कम है । इस वजह से यहां बरसात और बर्फबारी कम होती है । खुश्क मौसम में पेड़ पौधे बहुत नहीं होते हैं । तिब्बत का पूर्वी भाग ही ऐसा है जहां घने जंगल पाए जाते हैं । उन जंगलों में पेड़ पौधे पशु पक्षियों की दुर्लभ किस्में मिलती है । तिब्बत की मिट्टी कहीं रेतीली है कहीं लाल पीली तो कहीं काली । तिब्बत में लगभग 1500 झीलें हैं । यह झीलें बनती है पहाड़ों की बर्फ पिघलने से । इनमें मानसरोवर झील का बहुत नाम है । यहीं से सांगपो यानी ब्रह्मपुत्र नदी निकलती है । काफी ऊंचाई पर बसा होने के कारण तिब्बत बहुत ठंडा प्रदेश है । यहां की सर्दी का हाल मत पूछो ! ऐसा लगता है मानो किसी ने फ्रिज में डाल दिया हो और ऊपर से तेज ठंडी हवा चल रही हो । इसलिए वहां के लोग हमेशा भारी-भरकम गर्म कपड़े पहने रहते हैं ।

प्रश्न अभ्यास

क) तिब्बत का पूर्वी भाग कैसा है ?

ख) तिब्बत में कैसी मिट्टी पाई जाती है ?

ग) तिब्बत की झीले कैसे बनती है ?

घ) ब्रह्मपुत्र नदी कहां से निकलती है ?

ङ) यहां के लोग हमेशा भारी-भरकम गर्म कपड़े क्यों पहनते हैं ?